Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 25-08-2005

Participants : Gangwar Shri Santosh Kumar

Title : Need to restructure the Cantonment Boards in the country.

श्री संतोा गंगवार (बरेली) : उपाध्यक्ष महोदय, माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी यहां मौजूद हैं। मैं उनके संज्ञान में लाना चाहता हूं कि देश के 80 से अधिक छावनी क्षेत्रों में अभी चुनाव नहीं हुए हैं, पिछले दो वार्ों से वहां चुनाव लम्बित हैं। नया बिल न आने के कारण ये चुनाव रुके हुए हैं। इस कारण सारे छावनी क्षेत्र सैन्य अधिकारियों के द्वारा संचालित हो रहे हैं और सिविल का कोई आदमी इनका सदस्य नहीं है। मैं पिछले काफी समय में माननीय मंत्री जी से आग्रह कर रहा हूं। चूंकि अभी तक जनप्रतिनिधि सांसद या विधायक छावनी क्षेत्र के मनोनीत सदस्य नहीं हुआ करते थे। मेरा आग्रह है कि जब तक वहां चुनाव न हों, चूंकि जब बिल आयेगा, उसके बाद ही वहां चुनाव होगा और इसमें अभी काफी समय लगेगा। इसलिए उन सभी सासंदों को यदि उनके क्षेत्र में संबंधित छावनी क्षेत्र हैं, उन्हें उनमें मानद सदस्य के रूप में मनोनीत किया जाए। इसके अलावा भविय में जो बिल बने, उसमें भी संसद सदस्यों को सदस्य के रूप में मनोनीत किया जाए, जैसे अन्य स्थानीय निकाय संस्थाओं में सांसद सदस्य के रूप में मनोनीत रहते हैं, उसी तह से उन्हें भी इसमें मनोनीत किया जाए। मैं मांग करता हूं कि सरकार इस ओर प्राथमिकता के आधार पर सभी छावनी क्षेत्रों में सासंदों को सदस्य के रूप में मनोनीत करेगी। धन्यवÉÉn[R24]।